प्रेस -विज्ञप्ति **12.03.2024**

मर्चेट्स चैम्बर ऑफ उत्तर प्रदेश एवं रोटरी क्लब ऑफ कानपुर के संयुक्त तत्वावधान में कलापुंज नाट्य संस्था कानपुर द्वारा माधव आये नाटक का सफल मंचन हुआ।

चैम्बर की कल्चरल कमिटी के चेयरमैन श्री स्वतंत्र सिंह जी ने आये हुए अतिथियों का स्वागत एवं धन्यवाद दिया। रो0-अध्यक्ष पी0 एन0 जैन ने आये हुये सभी सदस्यों का स्वागत किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डा0 इन्द्र मोहन रोहतगी, पूर्व अध्यक्ष मर्चेण्ट्स चैम्बर ऑफ यू0पी0 थे।

उक्त नाटक का निदेशन श्री जितेन्द्र शंकर अवस्थी ने किया। इस नाट्य कथा के माध्यम से कलाकारो ने हमारे समाज के लोगो मे व्याप्त तृष्णा तथा लोभ के सजीव चित्रण को दशाने का प्रयास किया कि किस प्रकार हम अपने आराध्य के दर्शन एवं पूजन के लिये जाते है तब हमारे मन के अंदर भगवान से सांसारिक सुख व आर्थिक लाभ पाने की कामना रहती है, जिस कारण प्रायः हम ईश्वर को रिझाने के लिए तरह तरह के फल फूल तथा पकवान उनके समक्ष प्रस्तुत अपने अज्ञान व अंधकार से भरी श्रद्धा का आडंबर करते रहते है । यही दूसरी तरफ हमारे समाज में कुछ ईश्वर के सच्चे सेवक भी है जो हमें सही मार्ग दिखलाने का प्रयास करते है परंतु अज्ञान में डूबा हुआ लोभी मनुष्य जीवन पर्यन्त माया मोह की चाकरी करने में ही लगाा रह जाता है , तथा वह भूल जाता है कि ईश्वरीय शक्तिॅया ही सर्वोपरि है । इस नाट्य कार्यक्रम ने सभागार में मौजूद सभी दर्शको को ईश्वर के प्रति सच्चे प्रेम व सम्पूर्ण समर्पण के लिए जागरूक कर दिया।

श्री सचिव श्याम मेहरोत्रा ने आगामी कार्यक्रमों की जानकारी दी।

इस अवसर पर चैम्बर के सचिव श्री महेंद्र नाथ मोदी, विमल झाझरिया, राजीव अग्रवाल, गौरव तिवारी, सुशील चक, जितेन्द्र अवस्थी, रिषभ ओमर आदि उपस्थित थे।